RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

करती है पूरी केयर, रखती पूरा ध्यान।
मनवाना हो कुछ अगर, तो झट जाती मान।
तो झट जाती मान, पुलिस पूरी प्रैक्टीकल।
कोई भी हो फील्ड, सदा रहती है अव्वल।
कह साहिल कविराय, नहीं रत्ती भर डरती।
रखती पूरा ध्यान, केयर यह पूरी करती।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 61 | THURSDAY DATE 26-03-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## बिहार में पुलिसतंत्र पूरी तरह फेल, सरकार का इकबाल खत्म : तेजस्वी यादव



**मुजफ्फरपुर, यूटर्न/ 25 मार्च।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव बुधवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में पुलिस पूरी तरह फेल हो चुकी है और सरकार का इकबाल खत्म हो गया है। तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार में लगातार अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पुलिस का काम अपराधियों पर कार्रवाई करना है, लेकिन पिछले दिनों यहां गायघाट के चोरनिया गांव में हुई एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या की घटना में आरोप वहां के थानाध्यक्ष पर ही लगा है। उन्होंने कहा कि सुना तो यहां तक जा रहा है कि थानाध्यक्ष ने शराब के नशे में निर्दोष को गोली मार दी। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस पर अब सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है। अराजकता के दौर से बिहार गुजर रहा है। हर दिन गोलियां चल रही हैं। अपराधी जहां चाह रहे हैं, घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## सभी नागरिकों के लिए समान कानून भाजपा की प्राथमिकता : शाह

**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता रही है कि देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले। गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित होने पर श्री शाह ने यह बात कही।

श्री शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'देश में हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो, यह भाजपा का स्थापना से ही संकल्प रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की राज्य सरकारें इस दिशा



> मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की राज्य सरकारें इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं।

में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। मुझे हर्ष है कि उत्तराखंड के बाद अब गुजरात ने भी समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने का ऐतिहासिक कार्य कर अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और इस विधेयक को समर्थन देने वाले सभी विधायकों को बधाई देता हूँ।'

उन्होंने कहा कि देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले, यह हमारी प्राथमिकता भी है और संकल्प भी है। उल्लेखनीय है कि गुजरात विधानसभा ने मंगलवार को 'गुजरात समान नागरिक संहिता विधेयक 2026' पारित किया, जिससे राज्य में सभी धर्मों के लिए विवाह, तलाक, संपत्ति और लिव-इन रिलेशनशिप के लिए समान कानून बन गया है। गुजरात ,उत्तराखंड के बाद यह विधेयक पारित करने वाला दूसरा राज्य बन गया है।

**संक्षिप्त**

**ताजा खबरें**

## नए भारत में राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए कोई जगह नहीं है : तरुण चुघ

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।** कश्मीरी अलगाववादी आसिया अंद्राबी को दिल्ली की एक अदालत द्वारा यूएपीए के तहत एक मामले में दोषी पाए जाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि यह पीएम मोदी का नया भारत है, जहां राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए कोई जगह नहीं है। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ एक कड़ा फैसला स्पष्ट और दृढ़ संदेश देता है कि भारत में राष्ट्र-विरोधी ताकतों के लिए कोई जगह नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी की 'जीरो-टॉलरेंस' नीति जमीनी स्तर पर दिखाई दे रही है। कांग्रेस के शासनकाल में ऐसे कई मौके आए, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को आतंकवाद से जुड़े लोगों के साथ फोटो खिंचवाते हुए देखा गया।

## सरमा ने जुबीन गर्ग के मौत मामले पर लुरिनज्योति गोगोई को घेरा, राजनीतिकरण का लगाया आरोप

**गुवाहाटी, यूटर्न/ 25 मार्च।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को



विपक्षी नेता लुरिनज्योति गोगोई पर गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में न्याय दिलाने को लेकर की गई उनकी टिप्पणियों पर निशाना साधते हुए कहा कि गोगोई 'कोई जज नहीं, बल्कि चुनावों में सिर्फ एक उम्मीदवार हैं।' लुमडिंग में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए, मुख्यमंत्री ने गोगोई के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर विपक्ष सत्ता में आता है, तो 100 दिनों के भीतर न्याय दिलाया जाएगा; मुख्यमंत्री ने इस बयान को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'लुरिनज्योति गोगोई कोई जज नहीं हैं; वह चुनाव लड़ रहे एक उम्मीदवार हैं।

## सीएजी रिपोर्ट पर रेखा गुप्ता का केजरीवाल पर हमला: 'शीशमहल' पर घेरा

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को विधानसभा में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि इसी सदन से बैठ करके वह दिल्ली की जनता को बेवकूफ बनाते थे और गुमराह करते थे। मैं कई बार इस सीट पर बैठकर सोचती हूं। शीला दीक्षित के 10 एसी के बारे में वह बात करते थे। उन्होंने 50 एसी और 70 पंखे लगाकर कौन सा महल बनाया था, जो शीला दीक्षित के 10 एसी से कम था।

उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया में करोड़ों लोग मर रहे थे, देश में लाखों लोग परेशान थे, और दिल्ली में हजारों लोग अस्पताल में थे, तब केजरीवाल साहब अपने लिए शीशमहल बना रहे थे। तब उनकी पार्टी के नेताओं ने शेड्यूल बुक से नहीं बताया कि जनता के लिए करो, हॉस्पिटल के लिए करो।

रेखा गुप्ता ने कहा कि 18 लाख रुपए की कॉफी की मशीन है। उस महल के सामने सारे घर धर्मशाला हैं। मैं भी धर्मशाला में हूं, अध्यक्ष भी धर्मशाला में हैं, और दिल्ली की जनता भी धर्मशाला में है। उस महल के सामने सब धर्मशाला है। महल है तो बस शीश महल है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली बर्बाद तब हो रही थी जब वो दिल्ली में बैठकर दिल्ली की जनता को नोच रहे थे, खून पसीने की कमाई को नोच रहे थे। करोड़ों रुपए कंसलटेंट को दिए गए। उन्होंने पूछा कि आपके टाइम में 8 करोड़ का टेंडर 62 करोड़ का कैसे हो गया?

अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि वह सचिवालय नहीं जाते थे। सीएजी उनकी धोखाधड़ी का पुलिंदा है, जिस तरह का गबन उन्होंने किया, दिल्ली की जनता का पैसा खाया, आम आदमी आम आदमी बोलकर जो गबन उन्होंने किया, यह पुलिंदा इस चीज का है। कहते थे राजनीति बदलेंगे, मगर पुराना घर बदल दिया। एक करोड़ के पर्दों में नंगी सच्चाई छिपी थी। रेखा गुप्ता ने कहा कि शीश महल के अंदर जनाब थे और बाहर आम आदमी की लंबी कतारें लगी थीं। दिल्ली की जनता दम घुटने से मर रही थी, मगर अपने घर में उन्होंने क्लाइमेट कंट्रोल लगा रखा था। इस रिपोर्ट पर कार्रवाई होनी चाहिए। सभी गुनहगारों को सजा होनी चाहिए।



## वैशाली में सिलेंडर लीक से भीषण आग, 5 लोग झुलसे

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 25 मार्च।**

गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर-5 क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां सिलेंडर लीकेज के कारण अचानक आग लग गई। इस घटना में एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को दोपहर करीब 2:53 बजे अग्निशमन विभाग को सूचना मिली कि राघव कुंज, वैशाली सेक्टर-5 स्थित एक मकान में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम तुरंत हरकत में आई। एक फायर टैंकर के साथ अग्निशमन केंद्र वैशाली के प्रभारी अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद जांच में पता चला कि प्लॉट नंबर 390, ब्रह्मपुत्र लेन स्थित मकान के ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाले किरायेदारों के कमरे में एलपीजी सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी। कमरे में गैस फैल चुकी थी, इसी दौरान जैसे ही किसी ने माचिस जलाई, गैस ने तुरंत आग पकड़ ली और एक बड़ा आग का गुबार बन गया।

## भारत में ईंधन का कोई संकट नहीं : सरकार

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच केन्द्र और राज्य संचालित तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पिछले 48 घंटों के दौरान पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित होने की अफवाहें तेजी से फैलीं, जिससे देश के कुछ हिस्सों में लोगों में चिंताएं बढ़ीं और कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़



देखी गई। हालांकि अधिकारियों ने इन आशंकाओं को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत की ईंधन सुरक्षा मजबूत बनी हुई है। एक विस्तृत परामर्श में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी आपूर्ति श्रृंखलाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं। कंपनी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें पूरी तरह गलत हैं और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। बीपीसीएल ने कहा, 'पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैलाई जा रही खबरें पूरी तरह निराधार हैं। भारत में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है।

## हर गांव तक बस, हर गांव तक विकास 2 हजार गांवों को जोड़ेगी योगी सरकार

**» लखनऊ, यूटर्न/ 25 मार्च।**

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण कनेक्टिविटी को लेकर बड़ा दांव चला है। 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, 2026' के जरिए 12 हजार से अधिक ऐसे गांवों तक बस सेवा पहुंचाई जाएगी, जहां अब तक सार्वजनिक परिवहन का कोई साधन नहीं था। यह सिर्फ सड़क या बस की बात नहीं, बल्कि गांवों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार से जोड़ने का व्यापक मॉडल है।

लखनऊ से शुरू हुई इस पहल में सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अब विकास का मतलब सिर्फ सड़क बनाना नहीं, बल्कि उस पर नियमित और भरोसेमंद परिवहन सुनिश्चित करना है। 2011-12 में जहां ग्रामीण परिवहन पर घरेलू खर्च 4.2 प्रतिशत था, वहीं



2022-23 में यह बढ़कर 7.5 फीसद हो गया—जो बदलती प्राथमिकताओं का संकेत है। सरकार 'शोर कम, काम ज्यादा' के मंत्र के साथ अंतिम व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाने पर जोर दे रहा है। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि एक योजना के तहत प्रदेश की 59 हजार से ज्यादा ग्राम सभाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि करीब 5 हजार ऐसे गांव, जहां बड़ी बसें नहीं पहुंच सकतीं, वहां 28 सीटों तक की छोटी बसें चलाई जाएंगी। हर ग्राम पंचायत में दिन में कम से कम दो बार बस सेवा सुनिश्चित होगी—सुबह 10 बजे से संचालन शुरू होकर रात 8 बजे तक बसों की गांव में वापसी अनिवार्य होगी।

प्रारंभिक तौर पर 10 साल के लिए परमिट दिए जाएंगे, जिन्हें आगे बढ़ाया भी जा सकता है। यह योजना ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार का नया द्वार भी खोलेगी। बस चालक और सहायक स्टाफ की भर्ती स्थानीय स्तर पर की जाएगी। साथ ही निजी ऑपरेटरों को कर छूट और परमिट में राहत देकर इस मॉडल में शामिल किया गया है, जिससे परिवहन व्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# कांग्रेस को शनिवार तक 24 अकबर रोड मुख्यालय खाली करने का नोटिस

## पार्टी ने आवाज दबाने का लगाया आरोप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**




सरकार ने कांग्रेस को शनिवार तक दिल्ली के 24, अकबर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय खाली करने का नोटिस भेजा है। बुधवार को पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, संपदा विभाग ने कांग्रेस पार्टी को एक नोटिस दिया है, जिसमें उसे बंगला खाली करने को कहा गया है। इसके अलावा, पार्टी को 5, रायसीना रोड स्थित भारतीय युवा कांग्रेस का कार्यालय भी खाली करने को कहा गया है। पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया कि कांग्रेस इस मामले में राहत पाने के लिए कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है। हालांकि, कांग्रेस की ओर से यह भी कहा गया है कि यह सरकार की ओर से पार्टी की 'आवाज दबाने' का एक प्रयास है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आईएएनएस से कहा, 'क्या 11 अशोक रोड (भाजपा कार्यालय) और 14 पंत मार्ग (दिल्ली भाजपा कार्यालय) खाली किए गए थे? क्या अन्य बंगले भी खाली किए गए थे? इस बंगले को खाली कराने के नाम पर कांग्रेस की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कांग्रेस न तो चुप होगी और न ही झुकेगी।'

उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने विश्व शक्तियों के साथ गुटनिरपेक्ष न रहकर पूरे देश को एक गंभीर स्थिति में डाल दिया है।

बता दें कि कांग्रेस पार्टी पहले ही अपना कार्यालय कोटला मार्ग पर 'इंदिरा भवन' शिफ्ट कर चुकी है। पार्टी ने पिछले साल कोटला मार्ग पर अपने नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन किया था। नए कार्यालय में शिफ्ट होने के बाद भी कांग्रेस ने अकबर रोड परिसर खाली नहीं किया।

जब सोनिया गांधी ने पिछले साल नए मुख्यालय का उद्घाटन किया था, तो कई वरिष्ठ नेताओं ने अकबर रोड कार्यालय के प्रति अपने गहरे भावनात्मक जुड़ाव को स्वीकार किया था और पार्टी की राजनीतिक यात्रा में इसके महत्व का जिक्र किया था। हालांकि, 24, अकबर रोड स्थित यह बंगला अपने आप में एक लंबा और बहुआयामी इतिहास समेटे हुए है।

# पीएम मोदी से मिले राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**





राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसकी जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के जरिए दी।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।' इस दौरान राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने पीएम मोदी ने मां दुर्गा की प्रतिमा भी भेंट की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर प्रदेश के विकास एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। पीएम मोदी से मुलाकात के सीएम भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया एक्स पोस्ट में लिखा, ''आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर राजस्थान के सर्वांगीण विकास एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। उनकी दूरदर्शी सोच और स्पष्ट दिशा-निर्देश हमें एक समृद्ध राजस्थान के निर्माण की राह दिखाते हैं।'

उन्होंने आगे लिखा, 'प्रधानमंत्री जी का राजस्थान की जनता के प्रति अटूट स्नेह और उनका दूरदर्शी मार्गदर्शन ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, जिसके संबल से राजस्थान आज विकास के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है, और इसी प्रेरणा से विकसित राजस्थान का संकल्प पूर्ण करते हुए प्रदेश का हर नागरिक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा।' सीएम भजनलाल शर्मा ने चैत्र नवरात्र के सातवें दिन देशवासियों की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा, ''मां दुर्गा के नौ रूप केवल आस्था नहीं, बल्कि शक्ति, साहस और आत्मविश्वास के प्रतीक हैं। इसी प्रेरणा को संकल्प बनाकर राजस्थान सरकार नारी सशक्तीकरण का नया स्वर्णिम अध्याय रच रही है, जहां हर नारी सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के साथ आगे बढ़ रही है।'

# दिल्ली के संगम विहार में एलपीजी की कालाबाजारी का खेल बेनकाब, 183 सिलेंडर बरामद, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।** दिल्ली के संगम विहार इलाके में क्राइम ब्रांच (एएनटीएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध एलपीजी गैस सिलेंडर स्टोरेज और रिफिलिंग के एक संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही मौके से 183 गैस सिलेंडर भी बरामद किए।



पुलिस को लगातार इनपुट मिल रहे थे कि इलाके में गैस की कृत्रिम कमी का माहौल बनाकर कुछ लोग कालाबाजारी कर रहे हैं जबकि सरकार बार-बार साफ कर रही थी कि गैस की कोई कमी नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए एक विशेष टीम बनाई गई, जिसमें इंस्पेक्टर महीपाल सिंह, एसआई गौरव, अंकित, एएसआई तरुण, सत्यवीर, राकेश और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। यह टीम एसीपी सतेन्द्र मोहन की निगरानी में काम कर रही थी।

काफी दिनों की निगरानी और पुख्ता जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने संगम विहार के एल ब्लॉक में तीन अलग-अलग किराए के गोदामों पर एक साथ छापा मारा। इस दौरान चार आरोपी शेर सिंह (35), सूरज परिहार (36), रघुराज सिंह (53) और जितेंद्र शर्मा (39) मौके पर ही पकड़े गए। ये सभी लोग यहीं के रहने वाले हैं और गैस डिलीवरी का काम करते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 183 गैस सिलेंडर बरामद किए, जिनमें से 154 भरे हुए और 29 खाली थे। इसके अलावा गैस भरने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जैसे लोहे के पाइप, आयरन पोकर (कांटा) और इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन भी जब्त की गईं। जांच में सामने आया कि ये सभी आरोपी एक अधिकृत गैस एजेंसी से जुड़े हुए थे और इलाके में गैस सिलेंडर की सप्लाई का जिम्मा संभालते थे लेकिन ये लोग अपनी ड्यूटी का गलत फायदा उठा रहे थे। ये सभी गैस एजेंसी से सिलेंडर लेकर अपने तय डिलीवरी टारगेट पूरे नहीं करते थे, बल्कि उन्हें अपने किराए के गोदामों में छुपाकर जमा कर लेते थे। इसके बाद ये लोग भरे हुए सिलेंडरों से गैस निकालकर खाली सिलेंडरों में भरते थे और फिर उन्हें खुले बाजार में ज्यादा कीमत पर बेच देते थे। इनका तरीका भी काफी चालाकी भरा था। सबसे पहले ये लोग भरे हुए सिलेंडर की सील को आयरन पोकर की मदद से हटाते थे।

# हवा में पिस्टल लहराने वाला आरोपी हैरी गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 25 मार्च।**



हवा में पिस्टल लहराने वाले आरोपी को पुलिस ने अंकुर विहार इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि अंकुर विहार थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में होली पर रंग डालने को लेकर हुए विवाद के बाद महिलाओं से अभद्रता करने का मामला सामने आया था। इस दौरान अवैध पिस्टल हवा में लहराने का भी वीडियो भी वायरल हुआ था। पुलिस ने जांच की तो पाया कि कॉलोनी में रंग डालने को लेकर विवाद हुआ था। कॉलोनी के ही हरेंद्र बंसल उर्फ हैरी ने फोन कर अपने साथियों को मौके पर बुलाया था। मौके पर हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ता दक्ष चौधरी और अक्कू पंडित साथियों के साथ मौके पर पहुंचे थे। आरोप है कि आरोपियों ने राकेश दास व निखिल के साथ कहासुनी के बाद मारपीट की थी। महिलाओं ने बीच बचाव का प्रयास किया तो युवकों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए अभद्रता की। इस दौरान हरेंद्र बंसल उर्फ हैरी का हवा में पिस्टल लहराने का वीडियो बना लिया गया और उस बाद में वायरल किया था।

# 'लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028' का लक्ष्य बनाए लैक्रोस एथलीटः मांडविया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**



केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को रियाद में एशियन लैक्रोस गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला लैक्रोस टीमों को बधाई दी और उनसे कड़ी मेहनत करते रहने और लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन करके इतिहास रचने का लक्ष्य रखने की अपील की।

मांडविया ने एथलीटों से बातचीत करते हुए कहा, 'लैक्रोस भारत के लिए एक उभरता हुआ बड़ा खेल है। यह आपका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर था, और आप पहले ही प्रयास में पदक घर ला चुके हैं। अब फोकस और कड़ी मेहनत करने, ज्यादा एक्सपोजर पाने, और लॉस एंजिल्स 2028 में क्वालिफिकेशन कर देश को गर्व महसूस कराने का लक्ष्य होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि सरकार खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रम के माध्यम से एथलीटों का समर्थन करती रहेगी।

भारत ने फरवरी में सऊदी अरब के रियाद में हुए एशियन लैक्रोस गेम्स में जबरदस्त प्रदर्शन किया। सिक्सेज फॉर्मेट में पुरुषों और महिलाओं दोनों इवेंट में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय पुरुषों और महिलाओं ने अपने फाइनल मैच में क्रमशः इराक और पाकिस्तान को हराया। भारतीय महिला लैक्रोस टीम ने 2024 में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया था, जबकि पुरुषों की टीम ने 2025 में डेब्यू किया, जिससे यह कामयाबी और भी शानदार हो गई। भारत की जीत की एक खास बात यह थी कि इसमें देश भर से अलग-अलग राज्यों के एथलीट शामिल हुए। इसमें राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात, तमिलनाडु, ओडिशा, असम, जम्मू और कश्मीर, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों से एथलीट शामिल हुए। एशिया-पैसिफिक लैक्रोस यूनियन के तहत होने वाले एशियन लैक्रोस गेम्स, लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक्स में इस खेल के शामिल होने से पहले इस इलाके में एक प्रतियोगी रास्ता बनाने की एक बड़ी कोशिश का हिस्सा हैं। भारत के अगले बड़े इवेंट में अप्रैल में चीन के चेंगदू में होने वाले तीसरे एशियन लैक्रोस गेम्स और इस अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एशिया-पैसिफिक सिक्स लैक्रोस चैंपियनशिप शामिल हैं.

# संपत्ति बंटवारे पर विवाद, पिता पर हत्या के प्रयास का आरोप

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 25 मार्च।** वसुंधरा सेक्टर-12 स्थित फ्रेंड्स सोसायटी निवासी वेदमित्र ने अपने पिता ऐदल सिंह राणा पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। संपत्ति बंटवारे को लेकर पीड़ित ने खुद और अपनी पत्नी भारती राणा पर हमले की बात कही है। मामला 19 मार्च की तड़के करीब 3:30 बजे का है। 23 मार्च की रात पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। वेदमित्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता ऐदल सिंह राणा मूलरूप से राजस्थान के भरतपुर स्थित सिविल लाइंस में रहते हैं। वर्ष-2025 से पिता उनके साथ ही रहते थें। उनकी बहन गार्गी चौधरी ग्रेटर नोएडा और दूसरी बहन नम्रता मलिक वसुंधरा सेक्टर-12 में ही रहती हैं। आरोप है कि उनकी मां राजकुमारी दोनों बहनों को संपत्ति दिलाने के लिए पिता को अक्सर उकसाती रहती हैं। यहां तक कि अब पिता ऐदल सिंह बहन-बहनोई और मां की बातों में आकर उनकी हत्या करना चाहते हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि 19 मार्च की तड़के वह पत्नी भारती राणा के साथ कमरे में सो रहे थे। उसी दौरान उनके पिता हथौड़ी लेकर कमरे में पहुंचे। उन्होंने भारती के सिर पर हथौड़ी मारकर उनको बेहोश कर दिया। आवाज सुनकर वह उठे तब पिता ने उनकी आंख व हाथ पर हथौड़ी से हमला कर दिया। उन्होंने तुरंत अपने ससुरालियों को फोन करके बुलाया और पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया। पत्नी की तबीयत सही होने पर पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि संपत्ति और घरेलू विवाद की बात सामने आई है। जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सेवानिवृत्त बुजुर्ग से जरूरत बताकर उधार ली रकम, 1.63 लाख हड़पे

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 मार्च।** मध्य प्रदेश के इंदौर मार्ग स्थित नील गंगा उज्जैन की साईंनाथ कॉलोनी निवासी रमाकांत चौहान ने साहिबाबाद थाने में धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि वर्ष 2021 में थानाक्षेत्र की सेवियर पार्क सोसायटी में रहने के दौरान उनके पड़ोसी जगदीश राजपूत ने पारिवारिक परेशानी बताकर 1.78 लाख रुपये उधार लिए और केवल 15 हजार रुपये लौटाने के बाद बाकी रकम हड़प ली। तकादा करने पर संपर्क भी बंद कर दिया। मामला अगस्त 2021 से नवंबर 2022 के बीच का है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर पुलिस ने 24 मार्च को न्यू करहेड़ा कॉलोनी निवासी जगदीश राजपूत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज मामले में जगदीश राजपूत ने बताया कि वर्ष 2021 में वह अपने बेटे के साथ सेवियर पार्क सोसायटी में रहते थे। दोस्त जगदीश राजपूत ने पारिवारिक दिक्कतें बताते हुए उनसे आर्थिक मदद मांगी। इसके बाद उन्होंने बिना ब्याज के करीब 11 बार में ऑनलाइन माध्यम से जगदीश को 1,78,055 रुपये उधार दिए। कई बार तकादा करने पर 12 सितंबर 2024 को आरोपी ने 10 हजार रुपये और 26 सितंबर 2024 को पांच हजार रुपये वापस किए। बकाया रुपये 1,63,055 रुपये के लिए उन्होंने आरोपी को कॉल की तब उसने मकान बेचकर पूरी रकम लौटाने का वादा किया। कुछ समय बाद उन्होंने पता किया तब जानकारी हुई कि जगदीश राजपूत सोसायटी से स्थित मकान बेचकर न्यू करहेड़ा कॉलोनी में शिफ्ट हो गए हैं लेकिन उनकी रकम वापस नहीं की।

# कंपनी शुरू करने के नाम पर 1.16 लाख रुपये लेकर हड़पने का आरोप

**खोड़ा।** थानाक्षेत्र के कला एन्कलेव निवासी अनिल यादव ने अपने प्रताप विहार निवासी सुनील यादव पर रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। करीब एक वर्ष पहले आरोपी ने कंपनी शुरू करने के लिए 1.16 लाख रुपये उधार लिए, लेकिन वापस नहीं किए। पुलिस ने 24 मार्च को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित अनिल यादव ने बताया कि सुनील को वह काफी समय से जानते हैं। आरोपी ने उन्हें कंपनी शुरू करने और निवेश से मोटा मुनाफा होने का झांसा दिया। काफी समय तक न तो आरोपी ने कंपनी शुरू की और न ही रकम लौटाई। बताया कि रुपये मांगने पर आरोपी ने टालमटोल की और बाद में जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने चौकी पर शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### कंपनी ने तीन लाख 34 हजार बकाया नहीं दिया, रिपोर्ट दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 25 मार्च।** कपड़ा कारोबारी शुभम शर्मा ने फायदा इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शुभम शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2024 में उनकी फर्म भारद्वाज एंटरप्राइजेज और फायदा इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के बीच 17 जून 2024 को लिखित समझौता हुआ था। इसमें उन्होंने 10 लाख रुपये आरटीजीएस करते हुए कंपनी के खाते में जमा किए थे। इसके एवज में कंपनी को हर माह काम देना था, लेकिन कुछ ही दिन बाद कंपनी ने वादा तोड़ दिया। रुपये भी वापस नहीं किए। पांच अगस्त 2025 को फिर से दोनों कंपनी के बीच नया एग्रीमेंट किया गया। कंपनी पर उनके 5,34,406 रुपये बकाया थे और इनमें से कुछ रुपये दे दिए गए।

### यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्र में बनेगा तीसरा द्वार

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 मार्च।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में यूपीसीडा तीसरा भव्य द्वारा बनाएगा। इस द्वार का प्रवेश सूर्य नगर की ओर से बनाएगा और करीब 45 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यूपीसीडा ने इसके लिए स्थान चिंहित कर लिया है। द्वार का निर्माण कार्य अप्रैल से शुरू किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के डीजीएम सलिल यादव ने बताया कि यह प्रवेश द्वार एल-शेप डिजाइन में तैयार किया जाएगा। इससे यूपीसीडा क्षेत्र के सौंदर्य में चार चांद लगेंगे। वहीं, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद में पहले से ही 1.65 करोड़ रुपये की लागत से दो अन्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना का करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

### अष्टमी पर कंजक पूजन की तैयारी, उपहारों से सजे बाजार

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 मार्च।** चैत्र नवरात्र के आठवें दिन मनाए जाने वाले अष्टमी को लेकर शहर के बाजार सज गए हैं। कंजक पूजन की तैयारियों में जुटे श्रद्धालु छोटी कन्याओं को देने के लिए उपहारों की खरीदारी कर रहे हैं। इससे बाजारों में रौनक है। इस बार कंजक पूजन से जुड़े गिफ्ट आइटम की मांग में बढ़ोतरी हुई है। खासकर टिफिन बॉक्स, पानी की बोतल और छोटे पर्स की बिक्री तेजी से हो रही है। अलग-अलग डिजाइन और रंगों में उपलब्ध ये सामान लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

## डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-8, पंचकूला ने वार्षिक समारोह 'नवांकुर' भव्यता के साथ मनाया

» राजेश सलूजा




हरियाणा, यूटर्न/ 25 मार्च। डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-8, पंचकूला ने अपना वार्षिक समारोह 'नवांकुर' आयोजित किया, जिसमें छात्रों की उभरती प्रतिभा और समग्र विकास का उत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ और इसमें विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों तथा डीएवी परिवार के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जो ज्ञान और प्रकाश की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों में डीसीपी पंचकूला, डीईओ पंचकूला, बीईओ पंचकूला, स्कूल के चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन, मैनेजर मैडम, रीजनल असिस्टेंट-कम-क्लस्टर हेड तथा अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण और डीएवी गान से हुई, जिसमें समारोह की सफलता के लिए ईश्वरीय आशीर्वाद मांगा गया। इसके बाद मंच पर छात्रों की रंगारंग और मनमोहक प्रस्तुतियों ने माहौल जीवंत कर दिया। जीवंत नृत्य, विषय-आधारित प्रस्तुतियों और संगीत के माध्यम से युवा कलाकारों ने अपना आत्मविश्वास, सृजनशीलता और कलात्मक उत्कृष्टता प्रदर्शित की। 'नवांकुर' थीम-नई शुरूआत और युवा मन की खिलती संभावनाओं का प्रतीक-प्रस्तुतियों में खूबसूरती से दर्शाई गई। प्रस्तुतियों में संस्कृति और देशभक्ति के मूल्यों का प्रतिबिंब देखने को मिला, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभा को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल श्रीमती रितु दिलबागी ने स्कूल की सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल छात्रों को ऐसे अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास करता है जिससे उनका बौद्धिक, नैतिक और सामाजिक विकास हो। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण और छात्रों की उत्साही भागीदारी की सराहना की, जिनके कारण कार्यक्रम भव्य रूप से सफल रहा।

विशिष्ट अतिथियों ने स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की और प्रतिभागियों को उनकी शानदार प्रस्तुतियों के लिए बधाई देते हुए जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें प्रबंधन, अभिभावकों और संपूर्ण स्कूल समुदाय के सहयोग को इस यादगार वार्षिक समारोह का हिस्सा बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## कानपुर में मंगलसूत्र लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, माल बरामद



» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 25 मार्च। पुलिस की सक्रियता के बाद भी जिले में लूट की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। इसके खिलाफ पुलिस भी लगातार बदमाशों पर अपना शिकंजा कसने की कोशिश में जुटी है, जिसके फल स्वरुप ही उसने मंगलसूत्र लूटने वाले दो शातिर अपराधियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इनमें से गोली से घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है। अब पुलिस इनके फरार साथियों की भी तलाश कर रही है। यह घटना चकेरी थाना क्षेत्र की है। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार महिला सिविल डिफेंस कर्मी अनीता श्रीवास्तव से बीते शनिवार को मंगलसूत्र लूट लिया गया था। इसके कुछ ही समय बाद आरोपितों ने एक अन्य युवती से भी पर्स लूट लिया था। इसके बाद पुलिस दोनों बदमाशों की तलाश लगातार कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी क्षेत्र में मौजूद हैं। जिस पर पुलिस ने सनिगवां स्थित अलकनंदा रेलवे ओवरब्रिज के पास उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाशों की पहचान एहतेशाम और रियान के रूप में हुई है। उनके पास से लूटा गया मंगलसूत्र और एक अवैध तमंचा भी बरामद किया गया है। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब पुलिस इसके साथियों की भी तलाश कर रही है।

## नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर : कमल सैनी

» **हरियाणा, यूटर्न/ 25 मार्च।**

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं चेयरमैन, ऑल इंडिया स्पोर्ट्स काउंसिल लेबर एंड एम्पलाई कमल सैनी ने हरियाणा में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश आज प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा ने विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

कमल सैनी ने कहा कि आज हरियाणा का प्रत्येक जिला राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा हुआ है, जिससे आवागमन सुगम हुआ है और व्यापार, उद्योग व रोजगार के अवसरों में निरंतर वृद्धि हुई है। मजबूत सड़क नेटवर्क ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दी है।

कमल सैनी ने बताया कि सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का निर्णय आमजन के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। इससे लोगों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी और युवाओं को मेडिकल शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कमल सैनी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाएं, विशेष रूप से लाडो लक्ष्मी योजना, समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। कम आय वर्ग की महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य सराहनीय



है। कमल सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नेतृत्व पारदर्शी, जनहितैषी और विकासोन्मुख है। उनके मार्गदर्शन में हरियाणा 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को साकार करते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा है। अंत में कमल सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा भविष्य में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी सशक्त पहचान स्थापित करेगा और विकास का नया मॉडल बनेगा।

# निवेश के नाम पर 3 .26 करोड़ रुपए की ठगी करने वाला साइबर ठग गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**

गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की थाना साइबर क्राइम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शेयर मार्केट में निवेश कर भारी मुनाफा दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ने लोगों को फर्जी इन्वेस्टमेंट स्कीम में फंसाकर करीब 3 करोड़ 26 लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी।

पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को एनसीआरपी (नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल) पर दर्ज शिकायतों की जांच के दौरान संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी निगरानी की गई। इसके साथ ही स्थानीय इंटेलिजेंस से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने नोएडा से अभियुक्त बन्टी कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी बिहार के पूर्णिया जिले का निवासी है और




उसकी उम्र करीब 32 वर्ष बताई जा रही है। जांच में सामने आया कि आरोपी लोगों को सोशल मीडिया, व्हाट्सएप कॉल और अन्य माध्यमों से संपर्क कर शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देता था। इसके बाद वह उन्हें फर्जी प्लेटफॉर्म और खातों के जरिए पैसे निवेश करने के लिए प्रेरित करता था। जैसे ही लोग पैसे ट्रांसफर करते, आरोपी उनसे संपर्क तोड़ देता था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के बैंक खाते में ठगी से जुड़े लगभग 60 लाख रुपये के लेन-देन के प्रमाण मिले हैं। इसके अलावा, उसके बैंक खाते के खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल पर एक शिकायत भी दर्ज है। इस मामले में थाना साइबर क्राइम नोएडा में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसमें आईटी एक्ट की धारा 66डी भी शामिल है।

गौरतलब है कि इस पूरे गिरोह के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की जा चुकी है और अब तक 14 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बंटी कुमार इस नेटवर्क का एक अहम सदस्य बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल ठगी के लिए किया जा रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

साइबर क्राइम पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा दिए गए निवेश के प्रस्ताव पर भरोसा न करें।

## बरवाला के वार्ड नंबर 5 में गंदगी का अंबार, अधिकारी बेपरवाह



» **हरियाणा, यूटर्न/ 25 मार्च।**

बरवाला नगर के वार्ड नंबर 5 में खेड़ा के नजदीक पिछले काफी समय से गंदगी का ढेर लगा हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी रोष है। क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और संबंधित अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

वार्ड निवासी झम्मन सैनी ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गंदगी के कारण आसपास के क्षेत्र में बदबू फैल रही है और वातावरण दूषित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही सफाई नहीं करवाई गई तो इससे गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते हालात दिन-प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जाए, ताकि संभावित बीमारियों से बचा जा सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब जागता है और वार्ड नंबर 5 के निवासियों को इस समस्या से राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# गुरुग्राम में बच्ची के रेप मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताई

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**

गुरुग्राम में चार साल की मासूम बच्ची के साथ हुए रेप मामले में पुलिस और न्यायिक मजिस्ट्रेट के रवैये को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताई और मामले की पूरी जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच में सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि इस मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट की रिपोर्ट अभी अदालत को प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि,



गुरुग्राम पुलिस कमिश्नर और जांच अधिकारी अदालत में मौजूद थे। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए इन्हें पूरे रिकॉर्ड के साथ पेश होने के लिए कहा था। कोर्ट ने इस बात पर भी चिंता जताई कि मजिस्ट्रेट ने जब बच्ची का बयान दर्ज किया, तब आरोपी उसके बेहद नजदीक खड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा कैडर की महिला आईपीएस अधिकारी नाजनीन के नेतृत्व में एसआईटी गठित करने का आदेश दिया और राज्य सरकार को इस गठित एसआईटी की अधिसूचना जारी करने के निर्देश दिए। अदालत ने गुरुग्राम पुलिस कमिश्नर और मामले की जांच में लगे अन्य अधिकारियों को जांच प्रक्रिया से अलग करने का आदेश दिया। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने इन अधिकारियों को 'कारण बताओ नोटिस' भी जारी किया। अदालत ने चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्यों को भी कारण बताने के लिए नोटिस भेजा कि उन्हें पद से क्यों न हटाया जाए। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने मैक्स अस्पताल की डॉ. बबीता जैन से भी स्पष्टीकरण मांगा कि उन्होंने अपनी मेडिकल रिपोर्ट क्यों बदली। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई अब पोक्सो अदालत की किसी वरिष्ठ महिला न्यायिक अधिकारी के समक्ष कराने का आदेश दिया। साथ ही, अदालत ने हरियाणा पुलिस की महिला अधिकारियों का बयान दर्ज करने और पीड़ित बच्ची के माता-पिता का हलफनामा एक सीलबंद लिफाफे में जमा करने का निर्देश भी दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध संबंधों के संदेह में पत्नी व दोस्त की हत्या

**लोनी।** ट्रॉनिका सिटी थानाक्षेत्र की बुध बाजार कॉलोनी में सोमवार रात 12:30 बजे अवैध संबंधों के संदेह में राशिद ने अपने दोस्त खुशहाल पार्क कॉलोनी निवासी फहीम (32) और अपनी पत्नी शबनम (36) की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के समय राशिद ने दोस्त फहीम को भी अपने घर पर ही बुलाया था। पत्नी से अवैध संबंधों को लेकर राशिद का फहीम से विवाद हो गया। राशिद ने तमंचा निकालकर पहले दोस्त और फिर पत्नी के सिर में गोली मारी और भाग गया। सूचना राशिद के बच्चों ने ही पुलिस को दी। थानाप्रभारी से लेकर डीसीपी ग्रामीण तक सभी अफसर मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल के लिए फोरेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फहीम के पिता नईम ने राशिद के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि रात करीब 12:40 पर पुलिस कंट्रोल रूम से जानकारी हुई कि बुध बाजार कॉलोनी में झगड़े के दौरान महिला समेत दो लोगों को गोली लगी है। सूचना पर पुलिस पहुंची तो पूरी घटना की जानकारी हुई। पूछताछ में पता चला कि राशिद की करीब 20 साल से फहीम से दोस्ती थी। फहीम अविवाहित था। दोनों एक साथ बांस बल्ली का कारोबार करते थे। दोस्ती के कारण एक दूसरे के घर आना जाना था। फहीम और राशिद की पत्नी शबनम के आपस में संबंध बन गए थे और वह दोनों शादी करना चाहते थे। यह जानकारी राशिद के बच्चों ने पुलिस को पूछताछ के दौरान दी।

### मां ने डांटा तो घर छोड़ कर भागा किशोर

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 मार्च।** लिंकरोड थानाक्षेत्र स्थित झंडापुर निवासी 13 वर्षीय किशोर दो दिन से लापता है। 22 मार्च को वह घर से निकला था। 23 मार्च की देर रात पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की। किशोर के पिता ने पुलिस को बताया कि 22 मार्च को उनका बेटा घर पर खेल रहा था। उसी दौरान किशोर को उसकी मां ने मोबाइल से खेलने पर डांट दिया। कुछ देर बाद उनका बेटा घर से निकला और देर रात तक वह वापस नहीं आया। इसके बाद किशोर की तलाश शुरू की। दोस्तों और परिचितों के घर भी पता किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि अभी तक सर्विलांस टीम को सीसीटीवी कैमरों में किशोर की कोई फुटेज नहीं मिली है। तलाश में दो टीमें जुटी हैं, एक टीम भौतिक तौर पर क्षेत्र में तलाश कर रही है।

# दिल्ली में भीषण सड़क हादसा: अनियंत्रित बस पलटने से दो यात्रियों की गई जान



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**

राजधानी दिल्ली के करोल बाग इलाके में देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। झंडेवालान मंदिर के पास एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 23 यात्री घायल हुए, दो घायलों की मौत हो गई। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के समय इस बस में 30 यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार, यह भीषण दुर्घटना करोल बाग के हनुमान मंदिर चौक के पास हुई। देर रात दमकल विभाग को बस पलटने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर रवाना हो गईं। राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया।

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को दिल्ली के करोल बाग इलाके के पास एक स्लीपर बस पलट गई। होदसे में 23 लोगों घायल हुए, इनमें से दो लोगों की जान चल गई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में सुबह 1.10 बजे एक कॉल मिली, जिसके बाद दमकल के दो वाहनों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया और बचाव अभियान तत्काल शुरू कर दिया गया। घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि बस जयपुर से दिल्ली पहुंची थी।

पुलिस के मुताबिक, 23 घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से 12 को आरएमएल अस्पताल ले जाया गया, जहां दो लोगों ने दम तोड़ दिया। 10 घायलों को गंगा राम अस्पताल और एक को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

मृतकों में से एक की पहचान शहबाज आलम (30 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ग्राम धामपुर जिला बिजनौर (यूपी) के निवासी थे। दूसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जिनकी उम्र लगभग 25-26 वर्ष बताई जा रही है। उनकी पहचान के प्रयास जारी हैं।

# नगर निगम ने छापा मार बरामद किया 40 लाख का प्रतिबंधित पॉलीथिन

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 मार्च।** मोहन नगर जोन में जनकपुरी वार्ड-70 स्थित मैसर्स हरियाणा गोल्डन ट्रांसपोर्ट गोदाम में मंगलवार को नगर निगम की टीम ने छापा मारकर करीब 40 लाख रुपये की प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद की है। टीम ने गोदाम मालिक से दो लाख का जुमार्ना भी वसूला है। गोदाम में नगर निगम की टीम को 27, 473 किग्रा पॉलीथिन मिली है। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संजीव ने बताया कि साहिबाबाद क्षेत्र में पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाने के दौरान यह कार्रवाई की गई। इस गोदाम की कई शिकायत मिली थीं और इस देखते हुए ही मंगलवार को टीम ने कार्रवाई की। हरियाणा गोल्डन ट्रांसपोर्ट कंपनी से पॉलीथिन के एक हजार बैग बरामद किए है। यह करीब 27, 473 किग्रा है। उनको जब्त करके दो




लाख का जुमार्ना वसूला गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश सिंह ने बताया कि नगर निगम प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही कर रहा है। इसके तहत मंगलवार को निगम ने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की है। इस दौरान जोनल प्रभारी एसपी सिंह, व चीफ सेनेटरी ऑफिसर विनोद आदि समेत पुलिस के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# फैक्टरियों के दूसरे दिन भी नहीं जोड़े गए कनेक्शन, 30 लाख का नुकसान

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 25 मार्च।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से सोमवार को 55 औद्योगिक इकाइयों का विद्युत कनेक्शन दूसरे दिन भी नहीं जोड़े गए। कनेक्शन जुड़वाने के लिए उद्यमी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से मिले। हालांकि फाइल लखनऊ भेजने की बात कही गई है। केवल साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र 4 में 24 घंटे में 30 लाख से अधिक नुकसान फैक्टरियों के बंद रहने से हुआ है।

विद्युत कनेक्शन काटे जाने के बाद सभी उद्यमी मंगलवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय भी पहुंचे। वहां अधिकारियों से मुलाकात की तो उन्होंने बताया कि फाइल लखनऊ भेज दी गई है। अग्रिम आदेश के बाद भी कनेक्शन जोड़ दिए जाएंगे। उद्यमी प्रवीण जैन ने



बताया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की इस कार्रवाई से सही दिशा में काम करने वाले लोग प्रभावित हुए हैं। जिनकी फैक्टरी में प्रदूषण रहित काम हो रहा है, उनके कनेक्शन काटे गए हैं। इससे सभी फैक्टरियां बंद है और उत्पादन रुका हुआ है।

# किशोरी को अगवा कर मां के खाते से निकाले 1.75 लाख

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 25 मार्च।**

कविनगर थानाक्षेत्र में किशोरी को अगवा कर आरोपी ने उसकी मां के खाते से पौने दो लाख रुपये निकाल लिए। आरोपी के पिता को फोन करने पर उसने किशोरी और रकम लौटाने से इन्कार कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कविनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि महेंद्रा एनक्लेव क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित के मुताबिक उनकी 15 वर्षीय कुछ दिन पहले बिना बताए घर से चली गई थी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की और आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से भी जानकारी जुटाई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बाद में उन्हें पता चला कि थाना खुर्जा देहात, जिला बुलंदशहर की शांति विहार कॉलोनी में रहने वाला राजकुमार उनकी बेटी को अगवा कर अपने साथ ले गया है।

पीड़ित पिता का आरोप है कि



राजकुमार ने उनकी पत्नी के बैंक खाते से पेटीएम के जरिए 1.76 लाख रुपये अपने और अपनी मां त्रिवेणी के खातों में ट्रांसफर करवा लिए। इस बात की जानकारी होने पर उन्होंने आरोपी के पिता रामदास से फोन पर संपर्क किया। आरोप है कि इस दौरान रामदास ने कह दिया कि वह उनकी बेटी को वापस नहीं करेंगे और न ही उनकी रकम लौटाएंगे।

किशोरी के पिता ने आरोपी राजकुमार और उसके पिता रामदास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी ने बताया कि किशोरी को जल्द बरामद कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# अलविदा मेरे लाल, अब जा, शांति से जा', हरीश के माथे को आखिरी बार चूमा; फूट-फूटकर रोए मां-बाप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**

एक मां का दिल, जो 13 साल से हर दिन टूटता रहा, लेकिन कभी हारा नहीं। मंगलवार को आखिर वह पल आ ही गया, जब हरीश राणा को माता-पिता ने कलेजे पर पत्थर रखकर माता-पिता ने कलेजे के टुकड़े को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। एम्स के उस कमरे में हरीश के माता-पिता अपने लाल के इर्द-गिर्द बैठे थे। पिता अशोक राणा ने हाथ थामा और मां निर्मला देवी ने अपने बेटे के माथे को आखिरी बार चूमा और फूट-फूटकर रोते हुए कहा, अलविदा बेटा... अब जा, शांति से जा। लेकिन, किसी ने शोर नहीं मचाया। सिर्फ फुसफुसाहट में अलविदा के शब्द गूंज रहे थे। 2013 में एक दर्दनाक हादसे ने हरीश की जिंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया। मात्र 19 साल की उम्र में वह कोमा में चले गए। तब से 13 लंबे साल तक मशीनों पर सांसें, आंखें कभी-कभी झपकतीं, लेकिन बोल नहीं पाता, हिल नहीं पाता, सिर्फ परमानेंट वेजिटेटिव



स्टेट (स्थायी वनस्पति अवस्था) में रहा। परिवार ने हर उम्मीद से लड़ाई लड़ी डॉक्टर, अस्पताल, कोर्ट लेकिन हरीश की आत्मा उस शरीर में कैद थी, जहां दर्द हर पल उन्हें सताता रहता था। माता-पिता ने कभी हार नहीं मानी। लेकिन बेटे के दर्द के कारण उन्होंने सुप्रीम कोर्ट तक बेटे को सम्मानजनक मुक्ति देने की गुहार लगाई।

इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की अनुमति मिली। यह फैसला लेना किसी माता-पिता के लिए सबसे बड़ा बलिदान था। हाल ही में एम्स में उस पल की तस्वीर सामने आई, जो हर किसी को रोने पर मजबूर कर दें। हरीश के दुनिया छोड़ जाने के बाद बिस्तर के पास बैठी मां ने धीरे से उनके हाथ और माथे को चूमा। अपनी ममता का गला घोटते हुए उन्होंने बेटे के कान में फुसफुसाया बेटा, सबको माफ कर दो... सबसे माफी मांग लो... अब जा, शांति से जा। अलविदा। पिता भी पास खड़े थे, आंखें नम, लेकिन एक पिता के किरदार में अपनी धर्म पत्नी को इस मुश्किल घड़ी में मजबूती दे रहे थे। इस दौरान परिवार ने कहा कि कोई शोर नहीं, कोई सवाल नहीं। बस हमें अपने बेटे के साथ अकेले कुछ पल दो, ताकि हम उसे सही से अलविदा कह सकें। हर त्योहार बिना हरीश की आवाज और रौनक के बेजान सा लगता था। हरीश के माता-पिता को हर रात नींद में भी अपने बेटे की याद आती थी और उसकी सलामती के लिए हमेशा दुआ करते थे।

### डॉक्टरों की सलाह पर दिल्ली में होगा अंतिम संस्कार

हरीश को एम्स ले जाने से पहले परिवार ने कहा था कि वो पूरी शान के साथ अपने बहादुर बेटे की अंतिम यात्रा गाजियाबाद में निकलेंगे और यहीं हिंडन घाट स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार करेंगे, लेकिन मेडिकेटेड बॉडी और कुछ अन्य मेडिकल इश्यूज के कारण डॉक्टरों की सलाह पर परिवार ने ग्रीन पार्क स्थित शवदाह गृह पर अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया है।

## मध्य पूर्व संकट के बीच कृषि मंत्री की बड़ी बैठक: खाद आपूर्ति सुचारू रखने और जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के निर्देश

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को एक समीक्षा बैठक बुलाई, जिसमें पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच खाद की आपूर्ति मजबूत करने, कालाबाजारी रोकने और अन्य जरूरी कदमों पर जोर दिया गया।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बैठक में आने वाले खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कृषि मंत्रालय ने बताया कि लक्ष्य यह है कि किसानों को समय पर खाद, बीज और अन्य जरूरी संसाधन मिल सकें।

कृषि मंत्री ने कहा कि खाद की आपूर्ति पूरे देश में बराबर और बिना रुकावट के होनी चाहिए। उन्होंने 'फार्मर आईडी' के काम को तेज करने के निर्देश दिए, ताकि वितरण प्रणाली पारदर्शी बन सके। साथ ही, उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर समन्वय के लिए वह जल्द ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कृषि मंत्रियों से भी बैठक करेंगे। मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि खाद और बीज की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, खासकर ऐसे समय में जब वैश्विक संकट का फायदा उठाने की कोशिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

बैठक में कृषि रसायनों और बीज सुखाने के लिए जरूरी गैसों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा दूध और अन्य कृषि उत्पादों के लिए पैकेजिंग सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता पर भी जोर दिया गया।

# भारत-इजरायल साझेदारी से आईएमईसी को मिली मजबूती चीन की बढ़ती पकड़ को संतुलित करने की कोशिश

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया इजरायल यात्रा ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत किया है। 'द जेरूसलम स्ट्रेटेजिक ट्रिब्यून' में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, यह कदम एक बड़े रणनीतिक और आर्थिक खेल का हिस्सा है।

लेख में बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के कनेसेट (इजरायल की संसद) में दिए गए भाषण में भारत की व्यापक रणनीतिक सोच और उसमें इजरायल की भूमिका साफ दिखाई दी। उन्होंने संकेत दिया कि भारत एक ऐसा क्षेत्रीय ढांचा बनाना चाहता है, जिससे पश्चिमी देशों के साथ व्यापार और कनेक्टिविटी बढ़े, जिसमें इजरायल की अहम भूमिका हो। यह प्रयास इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता बढ़ाना चाहता है और चीन के बढ़ते प्रभाव से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है। अब भारत पुरानी 'गुटनिरपेक्ष' नीति से आगे बढ़कर ऐसे देशों के साथ साझेदारी कर रहा है, जिनकी नीतियां स्थिर और भरोसेमंद हैं।

भारत की इस योजना के केंद्र में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) है। यह सिर्फ एक व्यापारिक मार्ग नहीं है, बल्कि इसे चीन की बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य एशिया और यूरोप के बीच व्यापार और ऊर्जा पर चीन के प्रभाव को कम करना है।

पिछले कुछ वर्षों में चीन ने परिवहन, ऊर्जा और टेलीकॉम सेक्टर में बड़े निवेश करके कई देशों में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है, जिससे कई देशों की अर्थव्यवस्था चीन पर निर्भर हो गई है।

ऐसे में आईएमईसी इस स्थिति को संतुलित करने की कोशिश है। यह एक ऐसा मॉडल है, जिसमें पारदर्शिता, साझेदारी और साझा हितों को प्राथमिकता दी जाती है, बजाय एकतरफा नियंत्रण के। भारत के लिए इस कॉरिडोर की सफलता के लिए इजरायल और ग्रीस जैसे देश अहम हैं, क्योंकि ये स्थिर व्यवस्था और बेहतर तकनीकी क्षमता प्रदान करते हैं।

हालांकि, चीन की स्थिति अभी भी काफी मजबूत है। बीआरआई के तहत पहले से ही कई बड़े प्रोजेक्ट और नेटवर्क तैयार हो चुके हैं, जैसे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) और ग्वादर पोर्ट। इसके अलावा चीन का ईरान और खाड़ी देशों के साथ मजबूत संबंध भी उसकी ताकत बढ़ाते हैं।

इस वजह से आईएमईसी के सामने चुनौती सिर्फ एक विकल्प देने की नहीं है, बल्कि खुद को एक भरोसेमंद और लंबे समय तक टिकने वाला मॉडल साबित करने की भी है। लेख के अनुसार, भारत और उसके साझेदारों के लिए इस कॉरिडोर की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि यह एक ऐसा सुरक्षित और पारदर्शी सिस्टम बना पाए, जो किसी एक देश पर निर्भर न हो और सभी देशों के हितों को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाए।

## मध्य पूर्व तनाव के बीच वैश्विक तेल बाजार में भारी उतार-चढ़ाव



» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 25 मार्च।**

मध्य पूर्व में लंबे समय तक संघर्ष की आशंका और शांति की कोशिशों के संकेत के बीच तेल बाजार में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक समय कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गईं लेकिन बाद में फिर नीचे आ गईं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, वॉल स्ट्रीट भी स्पष्ट दिशा तय नहीं कर पा रहा है। एक तरफ कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई, वहीं बॉन्ड बिके और शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। वाशिंगटन और मध्य पूर्व से मिल रहे अलग-अलग संकेतों ने बाजार को उलझन में डाल दिया। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेंट क्रूड की कीमत 4.6 प्रतिशत बढ़कर 104.49 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई जबकि वेस्ट टेक्सासइंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) 4.8 प्रतिशत चढ़कर 92.35 डॉलर प्रति बैरल हो गया। यह उछाल तब आया जब खबरें सामने आईं कि पेंटागन मध्य पूर्व में एक कॉम्बैट ब्रिगेड तैनात कर रहा है। वहीं दूसरी ओर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए कि ईरान के साथ शांति वार्ता में प्रगति हो रही है। इन विरोधाभासी संकेतों के कारण निवेशकों के लिए स्थिति को समझना मुश्किल हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक तेल की ऊंची कीमतें आर्थिक विकास को प्रभावित कर सकती हैं। लिटिल हार्बर एडवाइजर्स के डेविड लुंडग्रेन ने कहा, 'जितना ज्यादा समय तेल की कीमतें ऊंची रहेंगी, यह अर्थव्यवस्था की रफ्तार को अपने आप धीमा कर देगी।' तेल बाजार की यह अस्थिरता अन्य बाजारों में भी दिखी। नैस्डैक 0.8 प्रतिशत गिरा, एस एंड पी 500 में 0.4 प्रतिशत की कमी आई, और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई। वहीं अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी देखी गई।

## प्राकृतिक गैस अवसंरचना को बढ़ावा देने और पीएनजी की पहुंच सुधारने को केंद्र ने जारी किया आदेश



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।** प्राकृतिक गैस अवसंरचना को मजबूत करने और व्यापार करने में सुगमता बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत 'नेचुरल गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, संचालन और विस्तार सहित अन्य सुविधाएं) आदेश, 2026' को अधिसूचित किया है। इस आदेश को पेट्रोलियम मंत्रालय के माध्यम से लागू किया गया है, जो पूरे देश में पाइपलाइन बिछाने और उनके विस्तार के लिए एक सरल और समयबद्ध ढांचा प्रदान करता है। इसका उद्देश्य मंजूरी में होने वाली देरी और भूमि तक पहुंच की समस्याओं को दूर करना है, जिससे आवासीय क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस अवसंरचना तेजी से विकसित हो सके। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है और कुशल गैस वितरण, तेज अवसंरचना विस्तार और स्वच्छ ऊर्जा तक समान पहुंच के लिए एक व्यापक, पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल ढांचा स्थापित करता है। इसका मुख्य लक्ष्य पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क का विस्तार करना, अंतिम छोर (लास्ट-माइल) तक कनेक्टिविटी बेहतर बनाना और खाना पकाने, परिवहन व औद्योगिक उपयोग के लिए स्वच्छ ईंधन की ओर बदलाव को बढ़ावा देना है।

## 100 डॉलर के नीचे आया कच्चा तेल फिर भी पेट्रोल-डीजल महंगा

### ब्रेंट क्रूड करीब 6 फीसदी गिरकर 97.95 डॉलर प्रति बैरल पर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**




अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ तनाव कम करने के संकेत के बाद तेल की सप्लाई को लेकर चिंता घटी है, जिससे कीमतों पर दबाव आया है। बीते 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड करीब 6 फीसदी गिरकर 97.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 87 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गया है। हालांकि, ग्लोबल स्तर पर आई इस गिरावट का असर भारत में उल्टा दिखाई दे रहा है। देश के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ गए हैं। गाजियाबाद में पेट्रोल 94.89 रुपये और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर हो गया है। नोएडा में पेट्रोल 94.85 रुपये और डीजल 87.98 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं पटना में पेट्रोल 105.59 रुपये और डीजल 91.82 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। चारों महानगरों की बात करें तो दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर है।

## संक्षिप्त खबरें

### ईरान ने कहा, नये नियमों के तहत होर्मुज से निकल सकते हैं विदेशी जहाज

**सुरक्षित आवाजाही के लिए जहाजों को ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय करना होगा**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।** ईरान ने कहा है कि विदेशी जहाज अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर सकते हैं, लेकिन उन्हें ईरानी नियमों का पालन करना होगा और किसी भी तरह की आक्रामक गतिविधियों में शामिल नहीं होना चाहिए। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह जानकारी ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन को भेजे गए 22 मार्च के एक पत्र में दी। पत्र के अनुसार सुरक्षित आवाजाही के लिए जहाजों को ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय करना होगा। सूत्रों के मुताबिक ईरान ने कुछ व्यावसायिक जहाजों से ट्रांजिट शुल्क लेना भी शुरू कर दिया है। इस कदम से यह साफ संकेत मिलता है कि दुनिया के सबसे अहम समुद्री ऊर्जा मार्ग पर ईरान का नियंत्रण बढ़ रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण इस जलमार्ग पर जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई थी, और फिलहाल केवल कुछ ही जहाज ईरान के तट के पास से होकर गुजर रहे हैं। ईरान ने स्पष्ट किया कि केवल गैर-शत्रुतापूर्ण जहाजों को अनुमति दी जाएगी। जहाजों को ईरान के खिलाफ किसी भी आक्रामक कार्रवाई में शामिल नहीं होना चाहिए और तय सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा। जिन देशों को ईरान आक्रामक मानता है, उनके जहाजों के गुजरने पर रोक रहेगी। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का नियंत्रण तेल, गैस, खाद्य सामग्री और धातुओं की आपूर्ति पर सीधे असर डालता है। इस मार्ग पर व्यवधान से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तेजी आई है।

### गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को रफ्तार देने के लिए सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।** देश में प्राकृतिक गैस से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत एक नया आदेश जारी किया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इस फैसले का उद्देश्य गैस पाइपलाइन परियोजनाओं में होने वाली देरी को कम करना और प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। मंत्रालय के अनुसार, नए आदेश के तहत पाइपलाइन बिछाने और उनके विस्तार के लिए स्पष्ट समयसीमा तय की गई है।

## ईंधन की कमी की अफवाहें बेबुनियाद, देश में पर्याप्त पेट्रोल-डीजल और एलपीजी स्टॉक: तेल कंपनियां

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**




देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच तेल कंपनियों ने साफ किया है कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी ईंधन की कोई कमी नहीं है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। कंपनी ने स्पष्ट कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई चेन बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चल रही है। भारत पेट्रोलियम ने यह भी बताया कि भारत पेट्रोल और डीजल का नेट एक्सपोर्टर है और कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। बीपीसीएल ने लोगों से अपील की कि वे घबराहट में पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। बीपीसीएल ने यह भी भरोसा दिलाया कि वह निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी तरह हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने भी सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। कंपनी ने ग्राहकों से कहा कि वे अफवाहों से भ्रमित न हों और सामान्य रूप से ईंधन का उपयोग जारी रखें। एचपीसीएल ने भरोसा दिलाया कि उसका नेटवर्क निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। इस बीच, सरकार ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मंगलवार को जानकारी दी कि देश में 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है और 1 लाख से अधिक पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### अस्पताल पहुंच रहे कृमि संक्रमण के मरीज, बच्चे अधिक प्रभावित

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 मार्च।** जिला नागरिक अस्पताल में पेट दर्द, कमजोरी, भूख न लगना और उल्टी जैसी शिकायतों के साथ कई मरीज पहुंच रहे हैं। रोजाना इस समस्या से पीड़ित 8-10 बच्चे इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं, वहीं कई वयस्क भी इन्हीं परेशानियों के कारण चिकित्सकीय परामर्श ले रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार यह सभी लक्षण कृमि संक्रमण में पाए जाते हैं । मरीज राकेश ने बताया कि पिछले कई दिनों से पेट दर्द और कमजोरी महसूस हो रही थी। जांच के बाद डॉक्टर ने कृमि संक्रमण बताया और दवा दी है। वहीं दूसरी मरीज पुष्पा ने बताया कि उनके बच्चे को बार-बार पेट में दर्द हो रहा था और भूख नहीं लग रही थी, इसलिए उन्हें अस्पताल लाना पड़ा। बच्चों में यह समस्या अधिक देखने को मिल रही है। इस संबंध में सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश गुप्ता ने बताया कि कृमि संक्रमण मुख्य रूप से दूषित भोजन और अस्वच्छता के कारण होता है। वहीं अस्पताल की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय रानी ने बताया कि बच्चे अक्सर गंदी वस्तुएं मुंह में डाल लेते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, उन्हें खुला भोजन न दें और व्यक्तिगत स्वच्छता की आदतें विकसित करें ताकि इस संक्रमण से बचाव किया जा सके।

### खराब जॉब वर्क का आरोप नहीं हुआ सिद्ध, अपील खारिज

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 25 मार्च।** जॉब वर्क भुगतान विवाद में दो निजी कंपनियों के बीच दायर अपील को अदालत ने खारिज कर दिया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार की अदालत ने 23 मार्च को फैसला सुनाया। यह अपील 19 जनवरी 2026 को उस निर्णय के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें 17 दिसंबर 2025 को निचली अदालत ने वादी के पक्ष में करीब 1.38 लाख की रिकवरी का आदेश दिया था। मामले में प्रतिवादी ने याचिका इस आधार पर दायर की थी कि वादी द्वारा किया गया हार्डनिंग का जॉब वर्क खराब था, जिसके कारण दस अक्तूबर 2023 को ग्राहक ने माल रिजेक्ट कर दिया और उसे नुकसान हुआ। इसी वजह से भुगतान रोकने की दलील दी गई। हालांकि, सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि यह आरोप साक्ष्यों से साबित नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा कि यदि दस अक्तूबर 2023 को ही काम खराब होने की जानकारी थी, तो उसके बाद 12 अक्तूबर से नौ नवंबर 2023 तक लगातार उसी काम को स्वीकार करना तर्कसंगत नहीं है।

# दिल्ली में एंटी-स्नैचिंग सेल ने 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की मदद से दो शातिर स्नैचर को किया गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**

राष्ट्रीय राजधानी के साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट, दिल्ली की एंटी-स्नैचिंग सेल ने दो शातिर स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी, वारदात के समय पहने गए कपड़े और छीनी गई सोने की चेन का 'ओम' लॉकेट बरामद किया है।




गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश अवस्थी (27), निवासी ईस्ट विनोद नगर, और कार्तिक अरोड़ा (26), निवासी वेस्ट विनोद नगर, दिल्ली, के रूप में हुई है। दोनों आरोपी पहले भी चोरी और स्नैचिंग के 10 से अधिक मामलों में शामिल रह चुके हैं।

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि यह मामला 23 फरवरी का है, जब नानकपुरा निवासी 38 वर्षीय महिला अपनी दो बेटियों के साथ स्कूल से लौट रही थीं। तभी सुभाष पार्क, एफ-ब्लॉक के पास काली स्कूटी पर सवार दो युवकों ने पीछे से आकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली और मौके से फरार हो गए। चेन में 'ॐ' लिखा हुआ दिल के आकार का लॉकेट लगा था।

आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए काले हेलमेट पहन रखे थे और स्कूटी के रजिस्ट्रेशन नंबर को काली टेप से ढक रखा था।

घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इंस्पेक्टर हरि सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें कई हेड कांस्टेबल शामिल थे। टीम ने लगभग 90 किलोमीटर क्षेत्र में लगे 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्धों की पहचान की।

तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने कल्याणपुरी इलाके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में उन्होंने साउथ कैंपस इलाके में दो अलग-अलग स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की।पुलिस के अनुसार, आकाश अवस्थी अपनी स्कूटी जुपिटर का इस्तेमाल वारदात में करता था।

फिलहाल दोनों आरोपियों से आगे की पूछताछ जारी है और अन्य मामलों में उनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।



## हथियार तस्करी के अंतरराष्ट्रीय गिरोह पर दिल्ली पुलिस का शिकंजा, 10 तस्कर गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वॉल्टेड सिटी इलाके से एक बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करों के गिरोह का पदार्फाश किया है। यह गिरोह पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से हथियार तस्करी करके दिल्ली-एनसीआर और अन्य राज्यों में आपराधिक गिरोहों को सप्लाई करता था। इस मामले में 10 मुख्य तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और साथ ही 21 हाई-एंड विदेशी हथियार भी बरामद किए गए हैं। इसके अलावा लगभग 200 कारतूस भी पुलिस ने जब्त किए।

पुलिस ने बताया कि बरामद हथियारों में सॉफि स्टिकेटेड सब-मशीन गन और सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल थे। इनमें पीएक्स-5.7 और पीएक्स-3, जो क्रमशः विशेष बलों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयुक्त होते हैं। साथ ही स्टॉएगर (तुर्की), शैडो सीजेड (चेक रिपब्लिक), बेरेटा (इटली), टॉरस (ब्राजील) और वाल्टर (जर्मनी) जैसे नामी हथियार भी बरामद हुए। पीएक्स-5.7 पिस्टल खासतौर से केवल स्पेशल फोर्सेस के लिए इस्तेमाल की जाती है और इसका अपराधियों के पास होना बड़ी चिंता की बात है।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह तस्करी नेटवर्क बेहद संगठित और अंतरराष्ट्रीय स्तर का था। हथियार पाकिस्तान से भारत-नेपाल बॉर्डर के रास्ते भारत में लाए जा रहे थे और फिर स्थानीय गैंग्स के हाथों में पहुंचाए जा रहे थे। इन हथियारों का इस्तेमाल दिल्ली-एनसीआर में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए किया जाता था।

## दिल्ली विधानसभा में 'शीशमहल' पर घमासान, प्रवेश वर्मा ने पेश की लग्जरी आइटम्स की लंबी लिस्ट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**



दिल्ली विधानसभा में उस समय जोरदार हंगामा देखने को मिला, जब दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुए खर्चों को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने सदन में एक लंबी सूची पेश करते हुए कहा कि 'शीशमहल' जैसे इस घर में अत्यंत महंगे और लग्जरी सामान लगाए गए हैं।

प्रवेश वर्मा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री आवास में लगाए गए जिम उपकरणों से लेकर फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक आइटम तक हर चीज बेहद महंगी है। उन्होंने कहा कि एक ट्रेडमिल की कीमत करीब 14 लाख रुपए थी और उसके लिए अलग से ट्रेनर को भी भुगतान किया गया। इसके अलावा डम्बल सेट पर करीब 3 लाख रुपए खर्च किए गए।

उन्होंने बताया कि घर में 88 इंच का बड़ा टीवी लगाया गया। साथ ही तीन टीवी पर कुल 27 लाख रुपए खर्च हुए। इसके अलावा चिमनी, सोफा, मिनी बार और एंट्रेंस लाइट जैसी सुविधाएं भी लगाई गईं।

प्रवेश वर्मा ने फर्नीचर के खर्च का जिक्र करते हुए कहा कि सोफा सेट के दो टेंडर हुए। एक 35 लाख रुपए का और दूसरा 1.5 लाख रुपए का। घर में 76 टेबल लगाए गए, जिन पर करीब 1 करोड़ 5 लाख रुपए खर्च हुए। 8 बेड पर 40 लाख रुपए खर्च किए गए, जबकि कुर्सियों पर 60 लाख रुपए और कंसोल पर 50 लाख रुपए खर्च किए गए।

उन्होंने बताया कि घर में 1.5 करोड़ रुपए के पर्दे (कर्टन) लगाए गए। इसके अलावा 60 लाख रुपए के कार्पेट और छोटे पफी (सोफे के साथ रखे जाने वाले छोटे स्टूल) भी खरीदे गए। प्रवेश वर्मा ने आगे कहा कि एक बड़ा डाइनिंग टेबल लगाया गया, जो 28 लोगों के बैठने लायक है और जिसकी कीमत 14 लाख रुपए है। इसके अलावा, जिम में स्पिन बाइक 1 लाख रुपए की, फ्यूजन क्रेस्ट मशीन 3 लाख रुपए की और बॉडी सॉलिड उपकरण 6 लाख रुपए के लगाए गए। उन्होंने कहा कि घर में करीब 12 लाख रुपए के इलेक्ट्रिकल आइटम और 14 लाख रुपए की सीलिंग डेकोरेटिव फिटिंग्स लगाई गईं। उन्होंने यह भी दावा किया कि घर में कुल 11 टीवी लगाए गए, जिन पर डेढ़ करोड़ रुपए खर्च हुए। साथ ही बारबेक्यू यूनिट, सीलिंग स्पीकर, कैमरा, एम्प्लीफायर और प्री-एम्प्लीफायर जैसे महंगे उपकरण भी लगाए गए। उन्होंने कहा कि 50 एयर कंडीशनर लगाए गए और 5 लाख रुपए का इन्वर्टर सिस्टम भी लगाया गया।

# कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई, 32 सिलिंडर जब्त, एक धरा

- घरेलू गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी किसी भी स्थिति में सहन नहीं की जाएगी। इस प्रकार की अवैध गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों का भी हनन करती हैं। लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी स्तर पर कालाबाजारी को पनपने का अवसर न मिले।

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 मार्च।**



जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने मंगलवार को सेक्टर-12 स्थित विवेकानंद आरोग्य अस्पताल के सामने पार्किंग में दबिश देकर 32 गैस सिलिंडर जब्त किए हैं। टीम ने भरे हुए 31 सिलिंडर, एक खाली सिलेंडर बरामद किया। इसके अलावा पांच किलो वाले दो सिलिंडर व 10 किलो का भरा हुआ एक सिलिंडर व सिलिंडरों में गैस भरने वाले उपकरण भी मौके से बरामद किए हैं। टीम ने मौके पर पाया कि पार्किंग में भरे बड़े सिलिंडरों से छोटे सिलिंडरों में गैस भरी जा रही थी। टीम ने सभी सिलिंडरों को जब्त कर लिया।

घरेलू गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी की सूचना मिलते ही जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एएफएसओ सुनील कुमार, निरीक्षक जितेंद्र कुमार व जोगेंद्र की संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। विभाग की इस कार्रवाई के दौरान सेक्टर-14 थाने की पुलिस भी मौजूद रही। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने गुरुग्राम के लक्ष्मण विहार फेज-2 निवासी निरंजन को भी पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। सहायक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सुनील कुमार की शिकायत के आधार पर निरंजन के खिलाफ सेक्टर-14 थाने में अनधिकृत बिक्री संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

घरेलू गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी किसी भी स्थिति में सहन नहीं की जाएगी। इस प्रकार की अवैध गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों का भी हनन करती हैं। लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी स्तर पर कालाबाजारी को पनपने का अवसर न मिले। - डॉ. अशोक रावत, नियंत्रक, जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग।

शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और एक युवक को हिरासत में लिया गया है।

### उपायुक्त के निर्देश पर कार्रवाई

जिले में रसोई गैस सिलिंडरों के दुरुपयोग, अवैध भंडारण व कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहा है। उपायुक्त अजय कुमार के निर्देशानुसार जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की छह टीमें प्रतिदिन फील्ड में निरीक्षण कर रही हैं। सिलिंडरों की कालाबाजारी व अवैध भंडारण में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक डॉ. अशोक रावत ने बताया कि इसी क्रम में मंगलवार को जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम सेक्टर-12 में 32 सिलिंडर बरामद किए हैं।

## दिव्यांग बच्चों की पहचान पर फोकस, घर-घर जाकर किया जाएगा सर्वे

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 25 मार्च।**



- अभियान के तहत शिक्षकों की टीम गांवों और शहरी बस्तियों में घर-घर जाकर सर्वे कर रही है। इस दौरान ऐसे दिव्यांग बच्चों की पहचान की जा रही है, जो अभी तक स्कूल से दूर हैं।

जिले में इस बार प्रवेश उत्सव अभियान को नए तरीके से लागू करते हुए दिव्यांग बच्चों की पहचान और उन्हें स्कूलों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि जो बच्चे अब तक किसी कारणवश स्कूल नहीं पहुंच पाए हैं, उन्हें ढूंढकर मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ा जाएगा।

अभियान के तहत शिक्षकों की टीम गांवों और शहरी बस्तियों में घर-घर जाकर सर्वे कर रही है। इस दौरान ऐसे दिव्यांग बच्चों की पहचान की जा रही है, जो अभी तक स्कूल से दूर हैं। उनके अभिभावकों को शिक्षा के महत्व और सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि वे अपने बच्चों का दाखिला करवाने के लिए प्रेरित हो। शिक्षा विभाग ने स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि दिव्यांग छात्रों के लिए जरूरी सुविधाएं जैसे रैंप, विशेष बैठने की व्यवस्था और सहायक संसाधन सुनिश्चित किए जाएं, ताकि उन्हें पढ़ाई में किसी तरह की परेशानी न हो। साथ ही, सभी छात्रों का रिकॉर्ड प्रबंध पोर्टल पर अपडेट रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी दहिया के अनुसार, 23 मार्च से शुरू हुआ यह अभियान 15 मई तक चलेगा। इसका उद्देश्य सिर्फ दाखिला बढ़ाना नहीं, बल्कि ड्रॉपआउट को रोकना और हर बच्चे तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है।

# मेरा गाना सुन रोने पर मजबूर हो गए थे लोग: ध्वनि भानुशाली



22 मार्च 1998 को मुंबई में ही जन्मीं ध्वनि भानुशाली को नहीं पता था कि उन्हें लोगों का इतना प्यार मिलेगा। उन्होंने एक्टिंग का भी दो साल का प्रशिक्षण लिया, लेकिन अपने पहले प्यार गायिकी को ही अपना साथी चुना। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत 2018 में फिल्म वेलकम टू न्यूयॉर्क के गाने इश्तेहार से की थी। इसके बाद उन्होंने कई हिट गाने गाए, जिन्होंने उन्हें पहचान बनाई। उनके गानों को यूट्यूब पर करोड़ों व्यूज मिलते हैं। आज के समय में वो यंगस्टर्स की सबसे फेवरेट सिंगर बन चुकी हैं। ध्वनि भानुशाली का वास्ते गाना याद होगा, जिसे आज से छह साल पहले रिलीज किया गया था। यह गाना सिंगर के दिल के बहुत करीब है, क्योंकि इस गाने ने ही उनके करियर को नया मोड़ दिया। यह गाना इतना ज्यादा वायरल हुआ कि आज इसके व्यूज 1.7 बिलियन पहुंच चुके हैं। इस गाने को सुनकर यंग जनरेशन रोने लगी थी। अभिनेत्री ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था कि गाने को रिलीज के साथ ही बहुत प्यार मिला था और जब गाना बजता था तो लोग रोने लगते थे। मुझे खुशी होती थी कि लोग मेरे द्वारा गाए गानों से कनेक्शन फील कर पा रहे हैं। इसी गाने में ध्वनि ने एक्टर सिद्धार्थ गुप्ता के साथ काम किया था और वो रातो-रात मोस्ट हैंडसम मैन बनकर उभरे थे। ध्वनि भानुशाली ने बहुत छोटी उम्र से ही सिंगिंग शुरू कर दी थी और 20 साल की उम्र में सुपरहिट गाना लेजा-लेजा गाया था। इस गाने को शूट करते वक्त अभिनेत्री को अहसास नहीं था कि गाना इतना बड़ा हिट बनेगा। सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए सिंगर के लिए एक्टिंग के ऑफर्स भी आ रहे हैं, लेकिन वे सिंगिंग को अपना पहला प्यार मानती हैं और एक साथ दो नावों पर सवार नहीं होना चाहतीं। बता दें कि 70 से लेकर 80 के दशक के पुराने गाने आज भी लोगों के दिनों में जगह बनाए हुए हैं, क्योंकि गानों के बोल से लेकर संगीत तक सब कुछ भावनाओं से जुड़ा होता था और कुछ भी बनावटी नहीं लगता। आज के दौर में ऐसे सिंगर्स का मिल पाना बहुत मुश्किल है।



# आसान और हेल्दी स्नैक रेसिपी शेयर की श्रुति हासन ने



सोशल मीडिया पर बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रुति हासन काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ दिलचस्प अपडेट साझा करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने एक आसान और हेल्दी स्नैक रेसिपी शेयर की है, जो काफी पसंद की जा रही है। इस रेसिपी को खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी माना जा रहा है, जो हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना चाहते हैं लेकिन कम समय में कुछ पौष्टिक खाना भी चाहते हैं। श्रुति ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए बताया कि छुट्टी के दिन वह स्क्रिप्ट पढ़ने के साथ-साथ सोशल मीडिया भी देखती हैं। इसी दौरान उन्हें एक सिंपल स्नैक रेसिपी मिली, जिसे उन्होंने खुद ट्राई किया। यह रेसिपी उन्हें इतनी पसंद आई कि उन्होंने इसे अपने फैंस के साथ शेयर करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि यह स्नैक न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसे बनाने में भी ज्यादा समय नहीं लगता। इस हेल्दी स्नैक का नाम 'वेनिला ग्रीक योगर्ट स्नैक विद डेट्स' है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खजूर को साफ कर लिया जाता है और जरूरत हो तो उसे थोड़ी देर गुनगुने पानी में भिगोकर नरम किया जा सकता है। इसके बाद खजूर को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा जाता है। फिर एक बाउल में वेनिला ग्रीक योगर्ट लेकर उसमें कटे हुए खजूर मिला दिए जाते हैं। इसके ऊपर थोड़ा सा एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल डालने से इसका स्वाद और बेहतर हो जाता है। अंत में ऊपर से हल्का सा नमक छिड़क कर इसे अच्छे से मिक्स किया जाता है। इसे तुरंत खाया जा सकता है या कुछ देर फ्रिज में रखकर ठंडा करके भी सर्व किया जा सकता है। यह स्नैक पोषण से भरपूर है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ भी बताए जा रहे हैं। खजूर शरीर को तुरंत ऊर्जा देने में मदद करता है, जबकि ग्रीक योगर्ट में मौजूद प्रोटीन लंबे समय तक पेट भरा रखने में सहायक होता है। साथ ही यह पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है और गट हेल्थ को सुधारता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद माने जाते हैं।



# अपने प्रोडक्शन हाउस में आलिया देंगी आउटसाइडर्स को मौका

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि वह अपने प्रोडक्शन हाउस के जरिए आउटसाइडर्स को मौका देंगी। अभिनेत्री के इस बयान को इंडस्ट्री में नई सोच और बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, आलिया भट्ट अपनी नई प्रोडक्शन फिल्म 'डोंट बी शाई' के लॉन्च इवेंट में शामिल हुई थीं, जो अमेजन प्राइम विडियो के एक बड़े कार्यक्रम के दौरान पेश की गई। इस इवेंट में कई अन्य प्रोजेक्ट्स की भी घोषणा की गई, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान आलिया और फिल्ममेकर करण जौहर के बीच हुई बातचीत ने खींचा। इवेंट के दौरान करण जौहर ने मजाकिया अंदाज में आलिया की तारीफ करते हुए कहा कि वह अब एक समझदार और अनुभवी प्रोड्यूसर बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि आलिया के जवाब उनके सवालों से काफी अलग और परिपक्व होते हैं। इस पर आलिया ने भी मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि एक्टर्स को लॉन्च करने का एक तरीका होता है। बातचीत को आगे बढ़ाते हुए करण जौहर ने मजाक में कहा कि शायद उन्हें एक्टर्स को लॉन्च करने के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। उन्होंने आलिया को याद दिलाया कि उन्होंने उन्हें फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के जरिए लॉन्च किया था। इस पर आलिया ने हल्के अंदाज में कहा कि उन्हें हमेशा सिखाया गया है कि हर चीज की एक सही टाइमिंग होती है।

# आईपीएल में वापसी को तैयार हैं तेज गेंदबाज मयंक



**लखनऊ, यूटर्न/ 25 मार्च।** पिछले काफी समय से फिट नहीं होने के कारण खेल से दूर रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल के इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। मयंक ने कहा कि पहले वह अपने शरीर पर ज्यादा ध्यान नहीं देते थे पर अब वह करियर को बचाने के लिए काफी सजग हैं। मयंक को कई बार चोट के कारण खेल से दूर होना पड़ा है। आईपीएल 2024 में चोट लगने से उन्हें बड़ा झटका लगा था। इसके बाद वह लगातार चोट से परेशान रहे और आईपीएल 2025 के शुरूआती मैचों के बाद बाहर हो गए। अब वह बेंगलुरु के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रिहैबिलिटेशन पूरा करके आईपीएल में वापसी को तैयार हैं। मयंक ने कहा, 'सर्जरी के बाद मेरे लिए सब कुछ बदल गया। पहले मैं अपना ध्यान नहीं रखता था। रिकवरी सत्र से बचता था और कई चीजों को नजरअंदाज करता था पर अब मैं रिकवरी, पोषण और नींद पर पूरा ध्यान देता हूं। जितना मैं अपने शरीर का सम्मान कर रहा हूं, उतना ही मेरा शरीर भी मैदान पर मेरा साथ दे रहा है।' मयंक ने कहा कि एनसीए में उनकी मुलाकात जसप्रीत बुमराह से हुई, जिन्होंने भी ऐसी ही सर्जरी कराई थी। उनके साथ मेरा अच्छा तालमेल है। उन्होंने इसको लेकर मुझे काफी सुझाव दिये जिनका मैं अब पालन कर रहा हूं। तब उन्होंने कहा था कि सर्जरी के बाद वापसी करने पर किन चीजों पर ध्यान देना चाहिए। इस बारे में उनके अनुभवों से मुझे सहायता मिली है। उन्होंने बताया कि रिकवरी के दौरान शरीर कैसा महसूस करेगा और इस कठिन समय का सामना कैसे करना है। मयंक का अब तक का करियर चोटों से प्रभावित रहा है। साल 2022 में आईपीएल में प्रवेश के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 20 लाख के बेस प्राइस पर खरीदा था।

# आईपीएल 2026 में संजू सैमसन के पास बड़ा मौका

## धोनी के खास क्लब में शामिल होने की दहलीज पर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**

संजू सैमसन ने टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई और अब उनकी नजर आईपीएल 2026 में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर टिकी है। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में नाबाद 97, इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 89 रन की अहम पारियां खेलकर अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाया।

अब आईपीएल में भी अगर वह इसी फॉर्म को बरकरार रखते हैं, तो एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। दरअसल, विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर 5000 या उससे ज्यादा रन बनाने का कारनामा अभी तक सिर्फ एमएस धोनी ने किया है। धोनी ने 2008 से 2025 के बीच 278 मैचों की 242 पारियों में 5439 रन बनाए हैं, जिसमें 24 अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि केएल राहुल के नाम भी 5000 से ज्यादा रन हैं, लेकिन उन्होंने अपने पूरे करियर में हर मैच विकेटकीपर के रूप में नहीं खेला है। संजू सैमसन इस खास क्लब में शामिल होने के बेहद करीब हैं। उन्होंने 2013 से 2025 के बीच 177 मैचों की 172 पारियों में 3 शतक और 26 अर्धशतक की मदद से 4704 रन बनाए हैं। उन्हें 5000 रन के आंकड़े तक पहुंचने के लिए केवल 296 रनों की जरूरत है। अगर वह यह मुकाम हासिल कर लेते हैं, तो आईपीएल इतिहास में ऐसा करने वाले दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बन जाएंगे।

आगामी सीजन सैमसन के लिए इसलिए भी खास रहने वाला है क्योंकि इस बार वह चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलते नजर आएंगे, जहां उन्हें धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलेगा। इससे पहले वह लंबे समय तक राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे और 2021 में टीम की कप्तानी भी संभाली। उनकी कप्तानी में टीम 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। आईपीएल 2026 सैमसन के करियर का एक अहम मोड़ साबित हो सकता है, जहां वह न सिर्फ अपनी टीम के लिए योगदान देना चाहेंगे, बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी इतिहास रचने के करीब खड़े हैं।



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पंजाब प्रांत में ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरे, 26 यात्री घायल

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 25 मार्च।**



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बहावलपुर-लोधरान सेक्शन पर आदम वहान रेलवे स्टेशन के पास कराची जाने वाली तेजगाम ट्रेन के सात डिब्बे पटरी से उतर गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस घटना में 26 यात्री घायल हो गए।

लाहौर से कराची जा रही ट्रेन के पांच डिब्बे मंगलवार की रात को पलट गए। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के बाद लोधरान के डिप्टी कमिश्नर अब्दुल हाफिज, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (एडीसी) लियाकत गिलानी, डीपीओ और रेस्क्यू 1122 के अधिकारी रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मौके पर पहुंचे। पांच पलटे हुए डिब्बों में फंसे कुछ यात्रियों को बचाया जा रहा है। पाकिस्तान रेलवे के पीआरओ कलीम अहमद ने कहा कि घटना में किसी की मौत की खबर नहीं है, जबकि घायल लोगों को रेस्क्यू टीम मेडिकल मदद दे रही है। लोधरा रेस्क्यू 1122 के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुहम्मद सफदर ने कहा कि घटना में 26 यात्री घायल हुए हैं।

उन्होंने कहा, 'उनमें से 17 को मौके पर ही फर्स्ट एड दिया गया, जबकि एक महिला समेत बाकी नौ लोगों को डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर हॉस्पिटल (डीएचक्यू) लोधरान ले जाया गया, जहां एक घायल की हालत गंभीर थी।' लोधरान एडीसी लियाकत गिलानी ने कहा कि नौ यात्रियों को इलाज के लिए डीएचक्यू हॉस्पिटल ले जाया गया, जबकि बाकी को मौके पर ही फर्स्ट एड दिया गया। डॉन से बात करते हुए उन्होंने कहा कि लोधरान डीएचक्यू हॉस्पिटल के 35 बेड वाले वार्ड ट्रेन हादसे के पीड़ितों के लिए रिजर्व कर दिए गए थे। पाकिस्तान रेलवे के प्रवक्ता ने ट्रेन के पटरी से उतरने का कारण नहीं बताया है।

# ईरान से तालमेल और शिया समुदायों को नियंत्रित करने के लिए पाकिस्तान सुन्नी समूहों पर निर्भर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 25 मार्च।**



पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के लिए देश में ईरान समर्थक शिया समुदायों का बढ़ता विरोध प्रदर्शन एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। सैन्य नेतृत्व के लिए इस उभार को नियंत्रित करना अनिवार्य है, क्योंकि इसके और अधिक व्यापक होने की आशंका है। हालांकि, प्रशासन के समक्ष जटिलता यह है कि वह इस जनसमूह से निपटने के लिए अपनी आधिकारिक मशीनरी का सीधा प्रयोग करने से कतरा रहा है।

पाकिस्तान ने ईरान और अमेरिका के बीच बीच-बचाव करने का फैसला किया है और इसलिए उसे सामान्य रहने की जरूरत है। शिया मोबिलाइजेशन के खिलाफ कोई भी सीधी कार्रवाई ईरान के खिलाफ चला जाएगी और पाकिस्तान ऐसा करने से बचना चाहता है। एक अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान ने अब इस समस्या से निपटने के लिए अपने प्रॉक्सी को वापस बुला लिया है। पाकिस्तान आर्मी चीफ ने कट्टरपंथी सुन्नी तत्वों और सिपह-ए-सबाह (एसईएस) और जमात-उद-दावा (जेयूडी) के नेताओं को उन शियाओं से निपटने का आदेश दिया है। ये समूह पहले भी पाकिस्तानी सरकार को बचाने के लिए आगे आए हैं। जब जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए न्याय की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मुकाबला करने की बात आई, तो यही समूह सड़कों पर उतर आए थे।

# पेंटागन ने साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल नेटवर्क को आधुनिक युद्ध का हथियार बताया

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 25 मार्च।**



पेंटागन ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल नेटवर्क को आज की युद्ध रणनीति का केंद्र बताया। पेंटागन ने सीनेटरों को बताया कि अमेरिका की सेना का पूरा डिजिटल सिस्टम, जैसे कम्युनिकेशन नेटवर्क, डेटा सिस्टम और साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर, अब एक हथियार प्रणाली बन चुका है। यह अमेरिकी सेना के भविष्य के युद्धों में लड़ने, फैसला करने और जीतने के लिए बहुत अहम है। अमेरिकी सीनेट सशस्त्र सेवा साइबर उपसमिति की बैठक में, रक्षा विभाग की प्रमुख सूचना अधिकारी कर्स्टन डेविस ने कहा कि अमेरिका सैन्य ऑपरेशन में बढ़त पाने के लिए अपने एंटरप्राइज आईटी और साइबर सिक्योरिटी सिस्टम में बड़े पैमाने पर बदलाव कर रही है। डेविस ने कहा, 'हमारा ध्यान आज और भविष्य के जटिल युद्धक्षेत्रों में डेटा पर बढ़त और निर्णय लेने में श्रेष्ठता हासिल करने पर है, वह भी उस गति और पैमाने पर, जिसके हमारे सैनिक हकदार हैं।'

वहीं, चेयरमैन माइक राउंड्स ने भी इस जरूरत पर जोर देते हुए आगाह किया कि पुराने सिस्टम और धीमी प्रक्रियाएं अब रणनीतिक खतरा बन चुकी हैं। उन्होंने कहा, 'दुश्मन से ज्यादा तेजी से स्थिति को समझने, फैसला लेने और कार्रवाई करने की क्षमता ही आने वाले बड़े युद्ध के परिणाम को तय करेगी।'

डेविस ने नेटवर्क को मॉडर्नाइज करने, सॉफ्टवेयर डिलीवरी में तेजी लाने, साइबर सिक्योरिटी को मजबूत करने और एक स्किल्ड वर्कफोर्स बनाने के मकसद से चार-पिलर वाली ट्रांसफॉर्मेशन रणनीति बताई।

पहले पिलर के तहत, उन्होंने कहा कि पेंटागन अपने कोर इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड कर रहा है, जिसमें अंडरसी केबल, फाइबर नेटवर्क और सैटेलाइट कम्युनिकेशन शामिल हैं।

इसके साथ ही 5जी का इस्तेमाल बढ़ रहा है और डेटा सेंटर को मॉडर्न बना रहा है। उन्होंने कहा, 'यह फाउंडेशन हर वॉरफाइटिंग सिस्टम और हमारे ग्लोबल इंस्टॉलेशन को सपोर्ट करता है।' दूसरा पिलर पुराने सॉफ्टवेयर सिस्टम से दूर जाने पर फोकस करता है। डेविस ने कहा कि डिपार्टमेंट 'धीमे पुराने सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट से मॉडर्न एजाइल डिलीवरी की ओर बढ़ रहा है।'

# ईरान युद्ध से अमेरिकी हथियारों पर दबाव, यूक्रेन की मदद को लेकर चिंता बढ़ी

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 25 मार्च।**



अमेरिकी सांसदों ने चेतावनी दी है कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण अमेरिका के हथियार भंडार पर दबाव लगातार बढ़ रहा है और वैश्विक परमाणु परिदृश्य तेजी से बिगड़ता जा रहा है। सीनेट की सुनवाई के दौरान डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ईरान नीति और हथियार नियंत्रण के भविष्य को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आईं।

सीनेट की विदेश संबंध नीति की सुनवाई में रैंकिंग सदस्य सीनेटर जीन शाहीन ने कहा कि हथियारों के तेज इस्तेमाल ने योजना और रणनीति में गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है।

उन्होंने कहा, 'पिछले गुरुवार को ईरान के खिलाफ इस युद्ध के लगभग तीन सप्ताह बाद प्रशासन ने 16 अरब डॉलर से अधिक के हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी। इसके लिए सामान्य संसदीय समीक्षा को दरकिनार करते हुए आपातकालीन अधिकारों का इस्तेमाल किया।' शाहीन ने स्थिति को 'गोला-बारूद और हथियारों की आपात स्थिति' बताया और चेतावनी दी कि अमेरिकी भंडार तेजी से घट रहे हैं। उन्होंने कहा, 'कुछ मामलों में हमारे पास जरूरत के मुकाबले केवल एक-चौथाई इंटरसेप्टर ही बचे हैं।' उन्होंने कहा कि 'ईरान युद्ध का अंतिम लक्ष्य क्या है, यह अभी स्पष्ट नहीं है।'

इसका असर अन्य संघर्षों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने यूक्रेन का जिक्र करते हुए कहा कि 'अमेरिकी समर्थन अब कम पूर्वानुमेय हो गया है और सहयोगी देश अमेरिकी हथियारों की खरीद या कमी को पूरा करने के लिए आगे आ रहे हैं।' शाहीन ने बताया कि 'यूक्रेन के 80 प्रतिशत से अधिक हमले अब ड्रोन के जरिए हो रहे हैं,' जो 'स्वायत्त प्रणालियों और ड्रोन झुंड' की ओर बदलाव को दर्शाता है।

# 'ट्रंप जांच' को लेकर सीनेट में हुई तकरार रिपब्लिकन ने 'मॉडर्न वॉटरगेट' का किया जिक्र

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 25 मार्च।**

अमेरिकी सीनेट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी जांच को लेकर राजनीतिक टकराव देखने को मिला। रिपब्लिकन नेताओं ने इस जांच को 'मॉडर्न वॉटरगेट' करार देते हुए इसे सत्ता के दुरुपयोग का बड़ा उदाहरण बताया, जबकि डेमोक्रेट्स ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए जांच को सामान्य कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा बताया।

सीनेट की ज्यूडिशियरी सबकमेटी की एक बैठक 'आर्कटिक फ्रॉस्ट' के दौरान टेक्सास के रिपब्लिकन सीनेटर



टेड क्रूज ने आरोप लगाया कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में जस्टिस डिपार्टमेंट ने बेहद व्यापक जांच की अनुमति दी, जिसमें करीब 1 लाख निजी संचार तक पहुंच बनाई गई। उन्होंने दावा किया कि इस जांच का असर एक दर्जन से ज्यादा सीनेटरों और हजारों लोगों की निजी जिंदगी पर पड़ा।

टेड क्रूज ने कहा, 'यह एक मॉडर्न वॉटरगेट है,' और दावा किया कि यह पहले के घोटालों से भी आगे है, क्योंकि इसे सरकारी शक्तियों के तहत पूरी तरह अधिकृत और लागू किया गया।

रिपब्लिकन नेताओं ने आरोप लगाया कि इस जांच के तहत करीब 200 सबपोएना (कानूनी नोटिस) जारी किए गए, जिनमें 400 से ज्यादा रिपब्लिकन समर्थित व्यक्तियों और संगठनों को निशाना बनाया गया। इनमें राजनीतिक समूह, डोनर, वकील और ट्रंप से जुड़े कैंपेन और अन्य संगठन शामिल बताए गए। सीनेटर माइक ली ने इसे चौंकाने वाली घटना बताया, जबकि जॉन केनेडी ने सवाल उठाया कि टेलीकॉम कंपनियों ने इन आदेशों का पालन क्यों किया। टेड क्रूज ने यह भी आरोप लगाया कि एफबीआई ने फोन 'टोल रिकॉर्ड्स' हासिल किए, जिनमें कई प्रतिनिधियों के डेटा भी शामिल थे। उनके मुताबिक, सीनेट के करीब 20 प्रतिशत रिपब्लिकन सदस्यों का डेटा इकट्ठा किया गया, जिसे उन्होंने अभूतपूर्व दखल बताया।

# अमेरिका ने एआई, चिप्स, बायोटेक के क्षेत्र में चीन के साथ तकनीकी मुकाबला किया तेज

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 25 मार्च।**



जैसे-जैसे ट्रंप सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में चीन के साथ अपनी रणनीतिक प्रतिस्पर्धा तेज कर रहा है, शीर्ष सीनेटरों ने चेताया है कि यह मुकाबला केवल तकनीकी नहीं, बल्कि एक 'नैतिक संघर्ष' से भी जुड़ा है, जो वैश्विक शक्ति संतुलन और आर्थिक सुरक्षा को प्रभावित करेगा।

वॉशिंगटन में हिल एंड वैली फोरम में, सीनियर सीनेटरों ने जरूरी तकनीक में चीन की बढ़त का मुकाबला करने के लिए एक मल्टी-फ्रंट रणनीति बताई, जिसमें एक्सपोर्ट कंट्रोल, घरेलू निवेश और सहयोगी देशों के साथ करीबी तालमेल शामिल है।

सीनेटर जिम बैंक्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दौड़ को साफ जियोपॉलिटिकल शब्दों में बताया और कहा कि दूसरा शीत युद्ध एआई की दौड़ से जुड़ा है। उन्होंने कहा, 'हम चीन को इसे जीतने नहीं दे सकते। यही असल बात है।' उन्होंने ट्रंप सरकार के एआई एक्शन प्लान की ओर इशारा किया, जिसमें चीन और दूसरे दुश्मनों को एडवांस्ड सेमीकंडक्टर चिप्स पर कड़े एक्सपोर्ट कंट्रोल की बात कही गई है। बैंक्स ने कहा कि उनका प्रस्तावित गेन एआई एक्ट उन पाबंदियों को और कड़ा करने के लिए जरूरी है।

# 'बेगुनाहों पर चलाई अंधाधुंध गोलियां बांग्लादेशी पीएम तारिक रहमान ने 25 मार्च की 'काली रात' को किया याद

**ढाका, यूटर्न/ 25 मार्च।** 25 मार्च बांग्लादेश के इतिहास में 'नरसंहार दिवस' के रूप में दर्ज है, जो 1971 की उस भयावह रात की याद दिलाता है जब मानवता शर्मसार हुई थी। 25 मार्च, 1971 की उस काली रात में पाकिस्तानी सेना द्वारा शुरू की गई सैन्य कार्रवाई ने हजारों निर्दोष नागरिकों की जान ले ली थी। ढाका की सड़कों पर गूंजती गोलियों की आवाजों और मासूमों की चीख-पुकार ने उस भीषण नरसंहार की नींव रखी, जिसने अंततः बांग्लादेश के स्वाधीनता संग्राम को जन्म दिया। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 1971 के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद किया है। इस दिन को याद करते हुए, पीएम रहमान ने अपने संदेश में लिखा, '25 मार्च, 1971 को नरसंहार दिवस के रूप में दर्ज है। नरसंहार दिवस के अवसर पर, मैं सभी शहीदों को अपनी गहरी श्रद्धांजलि देता हूं।



आजादी पसंद बांग्लादेश के इतिहास में, 25 मार्च, 1971 सबसे शर्मनाक और क्रूर दिनों में से एक है। उस अंधेरी रात में, पाकिस्तानी कब्जा करने वाली सेनाओं ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' के नाम पर बांग्लादेश के निहत्थे लोगों के खिलाफ इतिहास के सबसे भयानक नरसंहारों में से एक को अंजाम दिया। उन्होंने ढाका यूनिवर्सिटी, पिलखाना और राजरबाग पुलिस लाइन समेत कई जगहों पर शिक्षकों, जानकारों और बेगुनाह लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई, जिसमें कई लोग मारे गए।' पीएम रहमान ने लिखा, '25 मार्च का नरसंहार एक सुनियोजित नरसंहार था।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *